हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 28 मार्च 2025


**तापमान**
अधिकतम 37.9 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री


11 आधुनिक शिक्षा और संस्कारों का संगम ही सफलता...






12 संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी ने कच्चा बेरी रोड का...




## शहर में आज

- लघुसचिवालय में समाधान शिविर।
- बिजली निगम में यूनियन की मीटिंग।

## बिजली बाधित

- सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक, 11 केवी फीडर विनय नगर, सेक्टर 27, माजरा, अस्थल बोहर

## खबर संक्षेप

### युवक के साथ 39888 की ऑन लाइन ठगी

**महम।** भैणी महाराजपुर गांव के एक युवक के साथ 39 हजार 888 रुपए की ऑन लाइन ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में भैणी महाराजपुर गांव निवासी संदीप पुत्र राज सिंह ने बताया कि गत दिवस उसके साथ साइबर फ्रॉड करते हुए किसी ने उसके एचडीएफसी बैंक खाते से 39888 निकाल लिए। ठगी करने वाले के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### आंख जांच को निशुल्क कैंप 30 मार्च को

**रोहतक।** महावीर जैन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 30 मार्च को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक 150 वां निशुल्क स्वास्थ्य एवं आंखों की जांच का कैम्प जैन धर्मशाला, बाबरा मौहल्लामें लगाया जाएगा। संचालक राजेश जैन ने बताया इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि वैश्य एजुकेशन सोसायटी के पूर्व प्रधान विकास गोयल, मुख्य अतिथि पूर्व मेयर रोहतक मनमोहन गोयल, कार्यक्रम अध्यक्ष समाजसेवी राजू सचदेवा होंगे। इस शिविर में डा. सुरेश भूरिया हड्डी रोग विशेषज्ञ, डा. विनोद दुआ नेत्र जांच, डा. कार्तिक तंवर फिजियोथैरेपिस्ट मरीजों की जांच करेंगे।

### ठेकेदार के निधन के बाद लिया फैसला, कई साल से अटका पड़ा काम

# भूमिगत पाइप लाइन प्रोजेक्ट स्वास्थ्य विभाग ने किया रद, अमरूत-टू से होगा दोबारा शुरू

- इस प्रोजेक्ट की आधी से अधिक राशि भी खर्च हो चुकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जेएलएन से सोनीपत स्टैंड स्थित जलघर तक नहरी पानी की हर बूंद को लाने की योजना नौ साल बाद भी सिरे नहीं चढ़ी है। सवा करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट मंजूरी के बाद भी अटक गया। हाल यह है कि सड़क पर पानी बहता रहता है। इस प्रोजेक्ट में लगने वाले हजारों की कीमत के कंकरीट के पाइप क्षतिग्रस्त हो गए।

प्रोजेक्ट पर चंडीगढ़ के सीनियर अधिकारियों ने संज्ञान लिया था और प्रोजेक्ट की रिपोर्ट तलब तक की थी। लेकिन अब ठेकेदार की मृत्यु होने के बाद से इस प्रोजेक्ट को रद्द कर दिया गया है। इसकी वजह से नहर से जलघर में दूषित पेयजल सप्लाई पहुंच रही है। जानकारी के अनुसार, बोहर से शीला बाईपास तक नहरी पानी लाने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को तकरीबन ढाई किलोमीटर की भूमिगत पेयजल लाइन बिछानी थी। इसके लिए सवा करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट भी पास हुआ और काम भी शुरू हुआ। प्रोजेक्ट के लिए कंकरीट की पाइप लाइन आ गई और विभाग ने नियमानुसार 60 फीसदी पेमेंट भी कर दी। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए एक साल नौ माह का समय था, लेकिन यह नौ साल बाद भी अधूरा है। इस कार्य को ठेकेदार भी अधूरा छोड़ गए। विभाग की माने तो इस प्रोजेक्ट की आधी से अधिक राशि भी खर्च हो चुकी है। अधिकारी इस प्रोजेक्ट को पूरा न करने के लिए ठेकेदार को जिम्मेदार मानते हैं। विभाग के एक पूर्व अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया उनके समय में ढाई किलोमीटर के प्रोजेक्ट में से पौने किलोमीटर का कार्य रह गया था। वह प्रोजेक्ट का 70 प्रतिशत कार्य पूरा करके सेवानिवृत्त हुए थे, इसके बाद कार्य पूरा क्यों नहीं हुआ यह वर्तमान के अधिकारी बता सकते हैं।



रोहतक। जेएलएन नहर। फोटो : हरिभूमि

### एक नजर में प्रोजेक्ट

बोहर नाका से जुलाई 2017 में रजवाहे में पाइप बिछाने का शुरू हुआ। मार्च 2018 तक पूरा होना था प्रोजेक्ट। 1.89 करोड़ रुपये के बजट की मिली थी मंजूरी। सितंबर 2018 तक 20 प्रतिशत ही हुआ कार्य। 31 दिसंबर 2018 तक काम पूरा करने के लिए ठेकेदार ने ली थी मोहलत।

### रजवाहे में नहाती हैं भैंस व लोग धोते गाड़ियां

भूमिगत पाइपलाइन बिछाने का प्रोजेक्ट इसलिए भी जरूरी है कि रजवाहे में रोजाना सैकड़ों भैंसों को नहलाया जाता है। जिन लोगों ने डेयरियां खोल रखी है, वह रोजाना भैंसों को पानी पिलाने व नहलाने के लिए यहां लाते हैं। रोजाना सैकड़ों गाड़ियां भी इसमें साफ की जाती है। ऐसे में पूरा पानी भी जलघर तक नहीं जा रहा था। जितना पानी जलघर तक जाता था वह गंदगी के साथ जाता था। इस पानी में गोबर, साबुन, इंजन ऑयल, मिट्टी आदि मिल जाती है जो जलघर से होते हुए लोगों के घरों तक पहुंचती है।

### काम अधूरा होने से सड़क पर आ जाता पानी

रजवाहे का काम अधूरा होने के कारण वहां पर काफी समस्याएं पनपी हुई है। जिससे रजवाहे में पानी आने के बाद पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर आ जाता है। सोनीपत रोड पर वाहनों का आवागमन ज्यादा है, जिससे उन्हें गुजरने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहीं नहीं सेक्टर के लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहां के लोग रोजाना दूध लेने के लिए गांव की तरफ जाते हैं। लेकिन जिस समय सड़क पर पानी भर जाता है, उस समय उन्हें भी परेशान होना पड़ता है।



### प्रशासन की गिज्जी-इस्माइला में कार्रवाई

# 19.50 एकड़ में विकसित हो रही 2 अवैध कॉलोनी तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिले में अवैध कॉलोनी व निर्माण को विकसित नहीं होने दिया जाएगा। नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध निर्माण को तोड़ने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत गांव गिज्जी व इस्माइला-9बी में लगभग 19.20 एकड़ में विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों को तोड़ा गया।

इस अभियान के दौरान दो अवैध कॉलोनियों में कच्चा रोड़ नेटवर्क, 3 नींव, 3 अवैध निर्माण, 2 चारदीवारी व बिटूमैन रोड नेटवर्क को तोड़ा गया। इस दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी के अलावा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया है कि वे अपनी जमा पूंजी को अवैध निर्माण या कॉलोनी में निवेश न करें।

### निवेश से पहले कार्यालय में कर सकते हैं पूछताछ

जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में या डीलर, भू-मालिकों के द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जायेगी। आमजन अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते हैं।

# धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी पकड़े

**रोहतक।** पुलिस टीम ने टास्क पूरा करने के नाम पर 21 हजार की हुई धोखाधड़ी की वारदात को हल करते हुए गिरोह मे शामिल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। निरीक्षक महेश कुमार ने बताया कि आदर्श नगर रोहतक निवासी ओजस्वी की शिकायत पर केस दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि ओजस्वी के पास अज्ञात नम्बर से टास्क से संबधित मैसेज आया।

उसने अपना नाम अकाक्षा यूनोकाइन कम्पनी का टास्क का लिंक भेजने बारे कहा। ओजस्वी ने टास्क को पूरा कर दिया। इसके बाद टेलीग्राम आईडी से ओजस्वी ने यूपीआईडी भेज दी। ओजस्वी के पास उन्होने 200 रुपये भेज दिए। ओजस्वी के पास और टास्क भेजे जिनको उसने पूरा कर दिया। ओजस्वी ने टास्क के रुपये देने के बारे में कहा तो उन्होने ओजस्वी से पहले 21 हजार ट्रांसफर करने के लिए कहा। ओजस्वी ने 21 हजार ट्रांसफर कर दिए। मामले की जांच हरदीप द्वारा की गई। जिसमें आरोपी प्रियांशु निवासी झुलेलाल टोंकरोड जयपुर व आर्यन निवासी मालियो जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

### टास्क पूरा करने के नाम पर लगाया चूना

# घी के टिन बेचने के नाम पर 1,81,500 ठगे, पुलिस कार्रवाई में 93,500 मिले

- पीड़ित ने 93,500 ऑनलाइन ट्रांसफर किए थे
- जिला पुलिस ने खाते को करवाया फ्रीज

**रोहतक।** घी के टिन बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से 1,81,500 रुपये की धोखाधड़ी हुई। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 93,500 रुपये लौटाए। थाना शहर के एसआई राजकुमार ने बताया कि 19 दिसम्बर 2024 को पुरानी सब्जी मंडी निवासी अनिल की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरु की गई। अनिल की मिष्ठान भंडार की दुकान है। एक दिन अनिल के पास फोन आया कि जिसने अपने आप को आयुक्त का पीए बताया। उसने कहा कि हमने छापेमारी में घी बरामद किया है जिसका ऑक्शन हो रहा है औऱ ऑक्शन में कम दामों में घी बेच रहे हैं। युवक ने अनिल को अम्बेड़कर चौक पर स्थित नगर निगम में आने का कहा और मिठाई के डिब्बे में 88 हजार डालकर लाने को कहा। अनिल नगर निगम में गया तो युवक ने उसे फोन कर अंदर बुलाया और उससे 88 हजार सहित डब्बा ले लिया। युवक ने कहा कि उनके पास घी के 50 टिन और हैं जिनको लेने पर उनका सारा स्टॉक क्लियर हो जाएगा। अनिल ने बेटे से क्यूआर कोड के माध्यम से 93,500 रुपये ट्रांसफर करवा दिए। मामले की जांच पीएसआई शुभम द्वारा अमल में लाई गई। थाना शहर की टीम ने शिकायत पर जिस खाता में पैसे ट्रांसफर हुए उसे फ्रीज करवाया गया। अदालत के आदेश पर फ्रीज करवाई गई धनराशि को वापस पीड़ित के खाते में भिजवाने की प्रक्रिया पूरी करते हुए 93,500-रुपये लौटाए है। जांच के बाद पीड़ित को पैसे वापस दिए गए। वारदात में शामिल आरोपी को गिरफ्तार करने के लिये पुलिस टीम द्वारा छापेमारी की जा रही है।





नया शोरूम :- मानसरोवर पार्क के पास, दिल्ली रोड, रोहतक टेली. : 1800 891 1250

## खबर संक्षेप

### जलसंरक्षण को चलाई दो सौ किलोमीटर साइकिल

**रोहतक।** शहर से दो साइकिलिस्ट साइकिल चलाकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद पहुंचे। दोनों वक्ता राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय खवाजा फरीदाबाद में एन एस एस के स्वयंसेवकों को जल संरक्षण व पर्यावरण का पाठ पढ़ाने के लिए पहुंचे थे।

### छात्रों ने चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत किया

**रोहतक।** वैश्य इंजीनियरिंग कॉलेज के कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग में वीरवार को इन्नोवेअर तकनीकी क्लब द्वारा इंटरनल हैकथॉन-आइडियाथॉन-25 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देना था।

### एनीमिया मुक्त अभियान सात से होगा प्रारंभ

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में एनीमिया मुक्त, पोषण युक्त कैंपस अभियान प्रारंभ करेगा। विश्वविद्यालय 7-8 अप्रैल को एनीमिया स्क्रीनिंग के लिए ब्लड टेस्टिंग विश्वविद्यालय गर्ल्स हॉस्टल्स तथा स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर एवं यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेगा। वीरवार को इस मेगा हेल्थ शिविर आयोजन के लिए महत्वपूर्ण बैठक मदवि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की अध्यक्षता में हुई।

### रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं : प्रियंका

रोहतक। जिला रेडक्रॉस सोसायटी की अस्पताल कल्याण समिति की चेयरपर्सन एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा की धर्मपत्नी प्रियंका ने कहा कि समाज में थैलेसीमिया से प्रभावित बच्चों के बहुमूल्य जीवन को बचाने के लिए हर पात्र व्यक्ति रक्तदान के लिए हमेशा तैयार रहे। रक्तदान से एकत्रित रक्त को जरूरतमंद व्यक्तियों को देकर उनकी बहुमूल्य जिंदगी बचाने का पुण्य कार्य किया जाता है। रक्तदान से बढक़र कोई दान नहीं है।

### प्रतिबंधित दवा सहित एमटीपी किट बरामद

**रोहतक।** ड्रग कंट्रोलर की टीम ने एक युवक से प्रतिबंधित दवाईं बरामद की हैं। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, एएनसीटी की टीम के साथ मिलकर ड्रंग कंट्रोलर मंदीप मान ने पुराना बस अड्डा के पास आरोपी युवक सागर के बैग से 21 अंग्रेजी दवाई, और दस एमटीपी किट बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

### सर्जरी के बाद युवती की हाथ की गतिशीलता बहाल

रोहतक। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के डॉक्टरों ने 41 वर्षीय महिला की हाथ की गतिशीलता बहाल करने के लिए 8 घंटे की पुनर्निर्माण सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की। यह महिला पिछले चार वर्षों से गंभीर जलन के कारण हाथ की निष्क्रियता से जूझ रही थी। सफल सर्जरी से सभी खुश है।



### एमडीयू के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति भवन, अमृत उद्यान, उद्यम उत्सव और प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा किया। विभागाध्यक्ष प्रो. पुष्पा ने बताया कि इस शैक्षणिक यात्रा में डॉ. अनिल कुमार व डॉ. अंजू पंवार की अगुवाई में विभाग के 36 विद्यार्थियों शामिल रहे। राष्ट्रपति भवन में भारत के प्रथम राष्ट्रपति से लेकर वर्तमान राष्ट्रपति के जीवन व इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की वहीं प्रधानमंत्री संग्रहालय में भारत देश की वैज्ञानिक उपलब्धियां व राजनीतिक विषय के बारे में महत्वपूर्ण व ज्ञानवर्धक जानकारी के साथ-साथ भारत के सभी प्रधानमंत्रियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। विभागाध्यक्ष प्रो. पुष्पा ने बताया किने बताया कि ऐसे महत्वपूर्ण यात्रा विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ जीवन में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। इस यात्रा में विद्यार्थियों ने स्टार्ट अप और लघु उद्योग बारे टिप्स जानें। साथ ही डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि यह यात्रा विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव रही, जिससे उन्हें नए विचारों को समझने और अपने व्यावसायिक विचारों को आकार देने में मदद मिलेगी।

# विधानसभा में पीजीआई की सफाई व्यवस्था की बत्रा ने खोली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बजट सत्र में लगातार रोहतक के मुद्दों को लेकर आक्रामक विधायक भारत भूषण बतरा ने लगातार रोहतक के मुद्दों को विधानसभा में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में उठाया। मांगों पर बोलते हुए उन्होंने एक के बाद एक रोहतक के कई मुद्दों को उठाया।

उन्होंने रोहतक स्थित हैफेड के गोदाम का मामला उठाया, उन्होंने कहा कि इस गोदाम की वजह से स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, सरकार इस महत्वपूर्ण जगह का उपयोग करते हुए इसे कहीं और स्थानांतरित कर सकती है। इसके साथ ही उन्होंने डिमांड नंबर 13 पर बोलते हुए कहा कि रोहतक में पानी की बहुत बुरी हालत है। विभाग के पास एक प्रस्ताव है जिसमें तिल्यार की 25 एकड़ भूमि पब्लिक हेल्थ को स्थानांतरित की जानी है। राजीव गांधी खेल परिसरको पंचकूला तथा गुरुग्राम के खेल मैदान को सरकार सेंटर आफ एक्सीलेंस में परिवर्तित कर सकती है। राजीव गांधी खेल परिसर की हालत जर्जर हो चुकी है, खेलों की सुविधा के नाम पर वहां कुछ नहीं बचा है, सरकार बजट में व्यवस्था करें और खिलाड़ियों को राहत दे।

उन्होंने रोहतक के यातायात जाम का मुद्दा उठाते हुए कहा कि शहर के व्यस्त सुभाष रोड ऑटो मार्केट, ट्रांसपोर्ट नगर ,डेयरी कांप्लेक्स , आदि इलाकों को शहर से बाहर स्थानांतरित किया जाना था। इससे शहर की यातायात व्यवस्था ठीक होती लोगों को जाम से मुक्ति मिलती। उन्होंने कहा पंडित श्री राम शर्मा पार्क के जीर्णोद्वार के लिए भी राशि दी जानी चाहिए। पार्क में सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण करवाया जाए। यहां स्थित सामुदायिक केंद्र को शुरू किया जाए।



**रोहतक।** सदन में बोलते हुए कांग्रेस विधायक बीबी बतरा। *फोटो : हरिभूमि*

### स्वास्थ्य मंत्री के जवाब में पीजीआई के टॉयलेट्स के फोटो दिखाए विधायक भरत भूषण बत्रा ने

पीजीआई में शौचालय एवं पेयजल को लेकर इसी सत्र में विधायक को भारत भूषण बत्रा ने सवाल पूछा था। जिसके जवाब में विभाग द्वारा कहा गया था कि पीजीआई में 1124 बाथरूम और शौचालय अच्छी स्थिति में है और पूरी तरह कार्यात्मक हैं। इसी में यह बताया गया था कि पीजीआई के प्रत्येक वार्ड में मरीज के लिए पीने के पानी की आपूर्ति की जा रही है। सदन में पीजीआई के वार्डों में स्थित कई शौचालय के फोटो, पीजीआई ओपीडी के बाहर स्थित सार्वजनिक शौचालय के अंदर के फोटो, तथा ओपीडी के अंदर बने टॉयलेट के फोटो बत्रा ने सदन के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री को सौंपे।

## मस्तनाथ विश्वविद्यालय में ओरिएंटेशन प्रोग्राम एवं प्रोस्पेक्टस सत्र का विमोचन किया

# आधुनिक शिक्षा और संस्कारों का संगम ही सफलता की कुंजीः महंत बालकनाथ योगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में ओरिएंटेशन प्रोग्राम एवं विश्वविद्यालय की साझा दृष्टि के तहत प्रोस्पेक्टस सत्र (2025-26) का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि ज्ञान, नैतिकता, और सेवा भाव के साथ समाज एवं राष्ट्र निर्माण करना है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि जिस प्रकार मठ एवं आध्यात्मिक संस्थाएँ समाज को दिशा देने का कार्य करती हैं, उसी प्रकार विश्वविद्यालयों को भी छात्रों के चरित्र निर्माण और सामाजिक उत्थान में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हमारी सोच सकारात्मक होगी, तभी संस्था आगे बढ़ेगी। हमें हर वर्ष अपने प्रयासों को और बेहतर बनाना है। शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह व्यक्ति के भीतर संवेदनशीलता, करुणा और आत्मनिर्भरता विकसित करने का माध्यम भी होनी चाहिए। कुलाधिपति ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका व्यक्तित्व, आपका आचरण और आपका ज्ञान ही संस्था की पहचान बनता है। एक शिक्षण संस्थान तभी महान बनता है जब उसके छात्र उसमें गर्व का अनुभव करें और अपने संस्थान को गौरव दिलाने का निरंतर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि इस सत्र से बीटेक एवं बीसीए में दाखिला लेने वाले छात्रों को फ्री लैपटॉप प्रदान किए जाएंगे, जिससे डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। विश्वविद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लाइब्रेरी एवं पूरे परिसर में फ्री वाई-फाई की सुविधा प्रदान की जाएगी।

छात्रों को विशेष तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने हेतु नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। शोध कार्यों को बढ़ावा देने के लिए विशेष अनुदान एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे विश्वविद्यालय शोध के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर सके। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचएल वर्मा ने कहा कि एक शिक्षक का योगदान केवल कक्षा तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह समाज निर्माण की नींव रखता है। हमारा लक्ष्य छात्रों को ऐसा वातावरण प्रदान करना है, जहां वे अपने सपनों को साकार कर सकें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता विकसित करें। छात्रों को आईटी एवं नवाचार नीति के तहत आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल साक्षरता से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि आज बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय हरियाणा में आयुर्वेद के क्षेत्र में नंबर-1 संस्थान बन चुका है और राष्ट्रीय स्तर पर 26वें स्थान पर है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य आयुर्वेद एवं आधुनिक चिकित्सा विज्ञान को एकीकृत कर एक समग्र स्वास्थ्य प्रणाली विकसित करना है। इस कार्यक्रम में बेहतरीन शैक्षणिक और शोध कार्य करने वाले संकाय सदस्यों एवं छात्रों को विशेष रूप से प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिन्होंने शिक्षण और अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है। कार्यक्रम के समापन पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय उनके सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। मंच का संचालन करते हुए फॉर्मेसी डीन डॉक्टर पवन जलवाल ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल विश्वविद्यालय की आगामी योजनाओं का परिचायक नहीं है, बल्कि यह शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत भी है। कार्यक्रम में आइक्यूएसी निदेशक, विभिन्न संकायों के प्रमुख, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी। *फोटो : हरिभूमि*




**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में कार्यक्रम में बेहतर शैक्षणिक और शोध कार्य करने वाले को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करते हुए कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी व कुलपति डॉ. एचएल वर्मा । *फोटो : हरिभूमि*

**खास बातें**

- तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा से छात्रों को आत्मनिर्भर बनाना हमारा लक्ष्य : महंत बालकनाथ योगी
- छात्रों को आईटी एवं नवाचार नीति के तहत आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल साक्षरता से जोड़ा जाएगा : डॉ. एचएल वर्मा

### गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को एक सप्ताह में बंद करवाएं

**रोहतक।** उपायुक्त ने लाखनमाजरा खंड के गांव सुंदरपुर में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों की शिकायतें सुनते हुए शिक्षा विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांव में संचालित किए जा रहे गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को एक सप्ताह में बंद करवाए तथा इन स्कूलों के बच्चों का एडमिशन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में करवाए। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाएं जहां सरकार द्वारा अनेक लाभ दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोताही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्घ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

धीरेंद्र खड़गटा सुंदरपुर गांव स्थित शहीद विजय सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार, नगराधीश अंकित कुमार व अन्य उच्चाधिकारियों के साथ लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंन ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे एक माह में बिजली के बकाया बिलों का भुगतान करवाए तथा बिजली चोरी को बंद करवाए। ऐसा करने पर जिला प्रशासन द्वारा सुंदरपुर गांव में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पुलिस विभाग के सहयोग से गांव में सभी बिजली मीटरों को बाहर निकाले।



समाधान शिविर नागरिकों की समस्याएं सुनते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ।

### अबोध मानसी को सौतेले पिता के अत्याचार से बचाकर जगन्नाथ आश्रम भेजा

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि समाधान शिविर नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रहे है। समाधान शिविर में प्राप्त हुई शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा 8 वर्षीय लडक़ी मानसी को बालहित को ध्यान में रखते हुए माता-पिता से लेकर जगन्नाथ आश्रम में भेजा गया। इस लडक़ी के सौतेले पिता नशा करके लडक़ी के साथ मारपीट करते थे। इस लडक़ी के वास्तविक पिता की मृत्यु हो चुकी है तथा इसकी माता ने स्थानीय भिवानी चुंगी निवासी से दूसरी शादी की है, जिसकी तीन लड़कियां है। एडीसी नरेंद्र कुमार ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनने के दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा लडक़ी के माता-पिता से बात की गई तथा लडक़ी की काउंसलिंग करवाकर जगन्नाथ आश्रम में छोड़ा गया है। जिला प्रशासन द्वारा इस लडक़ी के रहने, खाने-पीने एवं पढ़ाई इत्यादि के सभी प्रबंध निशुल्क किए जाएंगे। यदि इसके माता-पिता लडक़ी के साथ भविष्य में मारपीट न करने का शपथ पत्र प्रस्तुत करते है।

# निर्मला देवी ने संभाला कलानौर नप चेयरपर्सन का पदभार

- ट्रिपल इंजन की सरकार करेगी तीव्र गति से विकास बोले धनखड़
- जनता जनार्दन ने रोहतक, बेरी, कलानौर,सोनीपत में कमल खिलाकर रचा इतिहास , कांग्रेस हुई साफ : ओमप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुराने रोहतक जिले की जनता जनार्दन ने रोहतक, बेरी, कलानौर,सोनीपत में कमल खिलाकर नया इतिहास रच दिया है। चारों तरफ शहर की छोटी सरकार कमल की सरकार है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने कलानौर नप चेयरपर्सन निर्मला देवी को पदभार ग्रहण कराने उपरांत यह बात कही। धनखड़ ने इस शुभ अवसर पर निर्मला देवी का मुंह मीठा करवाते हुए उनको सफल कार्यकाल की अग्रिम बधाई दी। उन्होंने कहा कि निर्मला देवी की अगुवाई में कलानौर नगरपालिका तीन गुना ज्यादा तेजी से कार्य करेगी। क्योंकि देश प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का जनाधार सिकुड़ता जा रहा है। कांग्रेस में एक परिवार की पैरवी के लिए कुछ लोग ही बचे हैं। लोकतंत्र में जनता जनार्दन का सम्मान और अंत्योदय की भावना के साथ गरीब कल्याण के कार्य केवल भाजपा का कार्यकर्ता ही कर सकता है। केंद्र में पीएम मोदी जी की सरकार और प्रदेश में नायब जी कीवसरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। ऐसे ही सभी को साथ लेकर कलानौर की शहरी सरकार करेगी। राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने कहा कि सभी मिलकर निष्पक्ष भाव से सभी के कार्य करें और अगले चुनाव में कलानौर हल्के में कमल खिलाने की तैयारी में जुट जाएं।





**रोहतक।** कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल व डॉ. सुरेश सिंघल। *फोटो : हरिभूमि*

### विश्व ओरल हेल्थ माह का हुआ समापन

**रोहतक।** पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा 19 फरवरी से 27 मार्च तक मनाए गए विश्व ओरल हेल्थ माह 2025 के समापन पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेश सिंघल उपस्थित हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलपति डॉ. एच के अग्रवाल ने कहा कि ओरल हेल्थ माह मनाने के लिए पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ. मंजूनाथ व उनकी टीम बधाई की पात्र है। जिन्होंने इस माह के दौरान अधिक से अधिक लोगों को मुंह के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। डॉ.एच के अग्रवाल ने कहा कि उन्हें काफी खुशी है कि यह माह मनाने के लिए पीजीआईडीएस को पूरे देश में दूसरा स्थान मिला है। इस वर्ष की थीम एक खुशहाल मुंह खुशहाल दिमाग रखी गई थी, जोकि बहुत अच्छी है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि मुंह की बीमारियों को जागरूकता के माध्यम से रोका जा सकता है। निदेशक डॉ. एस के सिंघल ने प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी व उनकी टीम को बधाई दी। प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी ने बताया कि वें कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल, निदेशक डॉ.एसके सिंघल व अन्य अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त करते हैं जो निरंतर उनके कॉलेज के विकास के लिए सहयोग कर रहे हैं।

## साहित्य मनोरंजन नहीं, बल्कि गंभीर कर्मः पद्म श्री संतराम

# रंग कलम साहित्यिक इवेंट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

साहित्य के जीवन में महत्व तथा साहित्यिक रचनाओं से समाज-राष्ट्र में सकारात्मकता का माहौल सृजित करने के प्रभावी संदेश के साथ वीरवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में रंग कलम साहित्यिक इवेंट का आयोजन हुआ। रंग महोत्सव के साहित्यिक रंग का कार्यक्रम रंग कलम में एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि साहित्य मानवीय संवेदनाएं जागृत करता है। साहित्य जीवन कौशल देता है तथा खुद को भी समझने में मददगार होता है। साहित्य जीने की कला, भाषायी कौशल सिखाते हुए व्यक्तित्व को संवारता है, ऐसा उनका कहना था। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अक्टूबर माह में एमडीयू लिटरेचर फेस्टिवल आयोजित करने की घोषणा की। साथ ही, ग्रीष्मकालीन अवकाश में कहानी लेखन, कविता लेखन, साहित्य समीक्षा आदि पर कार्यशाला आयोजन की घोषणा की। कुलपति ने विश्वविद्यालय पत्रिका निकालने की घोषणा भी इस अवसर पर की। प्रतिष्ठित लेखिका एवं कवयित्री डॉ. रश्मि बजाज ने रंग कलम के उद्घाटन सत्र में कहा कि साहित्य में जीवन को बदलने की क्षमता है। मानवता-इंसानियत को बचाए रखने में साहित्य की प्रभावी भूमिका है। उन्होंने सकारात्मक, जीवनदायिनी साहित्य के महत्व को रेखांकित करते हुए- बहुत गा चुके हैं मृत्यु को, आओ जीवन के गीत गाएं हम का सस्वर पाठ कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमडीयू एलुमनस, पद्मश्री डॉ. संत राम देसवाल ने कहा कि साहित्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि गंभीर कर्म है। साहित्य को सामाजिक उत्थान में, बेहतर समाज बनाने में योगदान देना चाहिए, ऐसा उनका कहना था। अपने जीवन की संघर्ष गाथा का उल्लेख करते हुए डॉ. संत राम देसवाल ने अपनी साहित्यिक यात्रा को साझा किया। रंग कलम के उद्घाटन सत्र में विशिष्ट वक्ता गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी, हिसार के जनसंचार विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं कवि डॉ. मिहिर रंजन पात्रा ने- माई इंडिया, मैगीनफिसियंट इंडिया, मैं ही देवता, मैं ही दैत्य, औरत का अहसास आदि कविताओं की भाव प्रवण प्रस्तुति दी।



### छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण किया

**रोहतक।** माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों ने एनआईआई की विजिट की।माइक्रोबायोलॉजी विभाग की अध्यक्षा डॉ. पूजा सुनेजा ने बताया कि एमएससी (माइक्रोबायोलॉजी) और एमएससी (माइक्रोबियल बायोटेक्नोलॉजी) के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान नई दिल्ली की शैक्षणिक यात्रा की। माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा सुनेजा, डॉ. पूजा गुलाटी और डॉ. संजय कुमार के साथ कुल 34 विद्यार्थी इस यात्रा में शामिल रहे। सुविधा का दौरा किया।

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra Rohtak.com

WE... THE BEST CREATION OF ALMIGHTY CREATOR SERVING HUMANITY FOR THEIR WELL BEING
RELATIONSHIP MANAGEMENT
Wish you speedy Recovery
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 8950762266

## रस्म क्रिया



**स्व. श्रीमती जीवन कुमारी**

आप सभी को बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि श्रीमती जीवन कुमारी जी का दिनांक 22.03.2025 को हृदयगति रुक जाने के कारण देहांत हो गया है। उनकी आत्मिक शांति हेतु रस्म क्रिया दिनांक 29.03.2025 शनिवार को दोपहर 11 बजे निवासी गांव बढला, तहसील दसूया, जिला होशियारपुर, पंजाब में होगी।

**शोकाकुल परिवार**

पवन कुमार (पति) — सुमित शर्मा (पुत्र)
गोपाल कृष्ण (पुत्र) — समस्त भारद्वाज परिवार

सम्पर्क सूत्र : 9253681010, 7973674639

## खबर संक्षेप



### लोकनिर्माण भवन व मार्ग शाखा के चेयरमैन बने कर्ण

**रोहतक।** लोकनिर्माण भवन व मार्ग शाखा मैकेनिकल के सर्वसम्मति से कर्ण सिंह सरोहा को चेयरमैन नियुक्त किया गया है।
संयुक्त कर्मचारी मंच के अधिन लोकनिर्माण भवन व मार्ग शाखा मैकेनिकल रोहतक का चुनाव राज्य उपप्रधान धर्मराज घणघस की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से हुआ। जिसमें सचिव -देवेन्द्र झज्जर, कैशियर-अजीत सिंह, उपप्रधान - महेन्द्र शर्मा, प्रेस सचिव - हरेन्द्र सिंह बनाए गए व चुनाव के दौरान राज्य संगठन सचिव जगबीर हुड्डा, जिला चेयरमैन रामनिवास चोपड़ा, जिला प्रधान तेज सिंह रंगा व जिला प्रधान राजेन्द्र बत्तरा मौजूद रहे।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता में वंश ने पाया प्रथम स्थान

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में रसायन विज्ञान विभाग निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीएएसी प्रथम वर्ष के वंश प्रथम स्थान पर रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक व रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मोनिका गुप्ता ने जल के महत्त्व और संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक इस प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसका विषय ग्लेशियर संरक्षण है। प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने विद्यार्थियों को बताया कि ग्लेशियर जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। डॉ मुकेश ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बीएससी प्रथम वर्ष के वंश ने प्रथम स्थान, नेहा ने द्वितीय स्थान तथा लक्ष्यदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## किसानों को नहीं आने देंगे परेशानी : उपायुक्त धीरेंद्र

# जिले में अब तक 1221.20 मीट्रिक टन सरसों की खरीद



उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

- न्यूनतम समर्थन मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही खरीद




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले की मंडियों में बुधवार तक 1221.20 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई। सरसों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य 5950 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। इसमें जिला की कलानौर, महम, रोहतक व सांपला अनाज मंडियों में 1221.20 मीटिक टन सरसों की खरीद की गई है। कलानौर मंडी में हैफेड द्वारा 465.35 मीट्रिक टन, महम मंडी में हरियाणा स्टेट वेयर हाउस कारपोरेशन द्वारा 40.50 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी में हैफेड द्वारा 87.50 मीट्रिक टन तथा सांपला मंडी में हैफेड द्वारा 627.85 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। जिला प्रशासन द्वारा मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई तथा खरीद सीजन को सुचारू ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को मंडियों का निरीक्षण करने के लिए आदेश जारी किए हैं। उनका कहना है कि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए पूरे प्रयास किए जाएं। इसके अलावा बिजली, पानी की सुविधा की भी समीक्षा की गई।

### किसानों से किया आह्वान

किसानों से आह्वान किया गया है कि वे सरसों की फसल को सुखाकर एवं साफ करके मंडियों में लाए ताकि फसल बिक्री में सुविधा हो। जिला में सरसों की खरीद जारी है। किसानों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। अधिकारियों द्वारा पूरा सहयोग किया जाएगा। रोहतक सहित महम, सांपला में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### महम अनाज मंडी में 2517 क्विंटल हुई खरीद

**महम।** आढ़तियों व किसानों के विरोध के बाद महम अनाज मंडी में सरसों की खरीद का कार्य शुरू कर दिया गया है। बुधवार को जहां 451 क्विंटल सरसों खरीदी गई थी, वहीं वीरवार को महम अनाज मंडी में 2517 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। वीरवार को अनाज मंडी में 2488 क्विंटल सरसों की आवक हुई। अब तक मंडी में 8451 क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी है। अब तक मंडी में 2922 क्विंटल सरसों खरीदी जा चुकी है। मंडी में 5529 क्विंटल सरसों अभी बिना बिकी हुई पड़ी है। इस दौरान अधिकारियों द्वारा किसानों की समस्याओं का समाधान करवाया जा रहा है।

## संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी ने कच्चा बेरी रोड का किया निरीक्षण

- गोबर बहाने वालों पर की जाएगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी ने बृहस्पतिवार को कच्चा बेरी रोड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नगर निगम की टीम को मौके पर निर्देश दिए गए कि नालों की तुरंत सफाई करवाई जाये तथा गोबर बहाने वालों पर कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त उन डेयरी संचालकों को नोटिस जारी किए जाए, जिनको कन्हेली डेयरी काम्प्लेक्स में प्लाट अलॉट है परन्तु उन द्वारा डेयरी को वहां पर शिफ्ट नहीं किया गया है। टीम द्वारा ऐसे डेयरी संचालकों को कन्हेली डेयरी काम्प्लेक्स में डेयरी शिफ्ट करने के बारे नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



### डेयरी संचालकों से की अपील

उन्होंने सभी डेयरी संचालको से अपील की है कि वे कन्हेली डेयरी काम्प्लेक्स में अपनी डेयरी शिफ्ट करें। कोई भी डेयरी संचालक गोबर न बहायें क्योकि इससे सीवर व नाले भर जाते हैं जिस कारण आमजन को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता हैं। यदि कोई गोबर नाले में बहाता पाया जाता है तो उसका नगर निगम की टीम द्वारा चालान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आमजन से बार-बार गोबर बहने के बारे में कार्यालय में शिकायतें प्राप्त हो रही थी। इस वजह से मौके का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता सत्यव्रत, सहायक सफाई निरीक्षक सुमित फौगाट व कृष्ण लाल आदि उपस्थित रहे।



### महिला काव्य मंच ने गोष्ठी का किया आयोजन

**रोहतक।** महिला काव्य मंच रोहतक इकाई द्वारा वीरवार को डॉ. नरेश नाज के सानिध्य में मार्च माह की गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला महासचिव एकता कोचर रेलन ने गोष्ठी की अध्यक्षता की व मंच संचालन किया। मुख्य अतिथि के रूप में मक्राम की राष्ट्रीय महासचिव सीमा शर्मा और वंदना मलिक प्रदेश महासचिव ने विशिष्ट अतिथि के रुप में शिरकत की।
बृजबाला गुप्ता ने मां सरस्वती का गुणगान किया व फिर सभी उपस्थित साहित्यकारों ने अपनी मनमोहक रचनाओं से गोष्ठी में चार चांद लगाए और गोष्ठी को यादगार बनाया। गोष्ठी में सीमा शर्मा, वंदना 'हिना' मलिक , एकता कोचर रेलन, डॉ. कंचन मखीजा, बृज बाला गुप्ता, अर्चना कोचर, स्नेह 'विशेष' व सुनीता बहल ने शिरकत की। सीमा शर्मा ने जिंदगी के यथार्थ पर पंक्तियां पढी शांति अंतस खोज ले मन, क्यों यहां भटका करे। बृजबाला ने भी मानव-मन से पूछते हुए कहा कि क्या लेकर तू आया बंदे ,क्या लेकर तू जाएगा आया मुट्ठी बंद थी तेरी तू पसारे जाएगा। वहीं वंदना हिना मलिक ने प्रेम पर आधारित पंक्तियां रखी मैं - एक चोर मुझे चुरानी है, मेज पर रखी तुम्हारी घड़ी तुम्हारे वक्त की डोर से छिटक कर, एक लम्हा मेरे हिस्से भी आ जाएगा।

### नई हरियाणवीं फिल्म 'बहु फरार' लोगो को भा रही

**रोहतक।** हरियाणवी कलाकार राजेश सिंहपुरिया ने बताया कि स्टेज ऐप पर दर्शक हरियाणवीं फिल्म बहु फरार को काफी पसंद कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि 25 मार्च को स्टेज ऐप पर रिलीज हो चुकी यह फिल्म हरियाणवीं के साथ राजस्थानी बोली में भी रिलीज हुई है। इस फिल्म में एक गिरोह का पर्दाफाश किया गया है जो लड़कियों को पैसे के बदले बहू बनकर जाने के लिए मजबूर करता है और फिर वह अपनी ससुराल से सब ठग कर भाग जाती हैं। इस फिल्म के क्रिएटर नीरज शर्मा है जिनके निर्देशन में युवा कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय किया है। युवा कलाकार अजीत जांगड़ा और शिखा धामा मैंन भूमिका में है।



### विधायक बलराम दांगी की पत्नी अन्नू के साथ विधानसभा का बजट सत्र देखने पहुंची छात्राएं

**महम।** विधानसभा क्षेत्र महम के अंतर्गत आने वाले मोखरा, महम और लाखन माजरा के राजकीय महाविद्यालयों की छात्राएं वीरवार को विधायक बलराज दांगी की पत्नी अन्नु दांगी के संग विधानसभा का बजट सत्र देखने के लिए चंडीगढ़ पहुंची। इस दौरान छात्राओं को सदन का भ्रमण करवाया गया। छात्राओं को विधानसभा सदन की कार्यवाहियों से अवगत कराया गया। छात्राओं ने हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र की कार्यवाही को देखा और लोकतंत्र की बारीकियों को समझा। विधायक बलराम दांगी ने बताया कि इन होनहार छात्राओं के साथ संवाद करने का अनुभव बेहद प्रेरणादायक रहा। ग्रामीण छात्राओं के लिए सदन में आकर कार्यवाही देखना एवं अपने नेता को जनता के लिए आवाज उठाते देखना अपने आप में बेहद अलग अनुभव था। बच्चे देश का भविष्य होते हैं, इस तरह की पहल से युवा पीढ़ी में राजनीतिक समझ व सामाजिक तौर से क्षेत्र व प्रदेश के हितों के लिए कार्य करने की एक प्रबल इच्छा उत्पन्न होगी और उनका भविष्य उज्ज्वल होगा।

## संपत्तिकर जमा करवाने के लिए बढावाए काउंटर: निगम आयुक्त

- नागरिक सुविधा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह ने निगम कार्यालय में बने नागरिक सुविधा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर आमजन की समस्याए भी सुनी। निरीक्षण के दौरान सम्पत्तिकर जमा करवाने वाले काउंटर पर भीड़ को देखते हुए सम्पत्तिकर जमा करवाने के लिए अतिरिक्त काउंटर बढाये गये ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो व समय पर कर जमा करवा सके। अब चार कांउटर चार सम्पत्तिकर जमा करवाया जा सकेगा। इसके उपरांत आधार बनाने वाले कांउटर पर किए जा रहे कार्य की जांच की गई कि उन द्वारा आमजन का कार्य समय पर किया जा रहा है या नहीं। इसके अतिरिक्त सभी सम्बन्धित कर्मचारियो को निर्देश दिए जा चुके है कि वे आमजन से गरिमापूर्ण व्यवहार तथा प्राप्त आवेदनों पर तत्परता से कार्रवाई करें।





### कर वसूली के लिए चलाएं अभियान

आयुक्त ने बताया कि नगर निगम द्वारा सम्पत्तिकर वसूली के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है तथा बकायादारों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। निगम की टीम प्रतिदिन शहर में फील्ड में कार्य कर रही है ताकि अधिक से अधिक सम्पत्तिकर जमा करवाया जा सके। सभी सम्पत्तिधारको से अपील है कि अपने सम्पत्तिकर का समय पर भुगतान कर, शहर को विकास की और गति देने में अपना सहयोग दें।

### स्वच्छता पर वर्कशाप का आयोजन



**रोहतक।** राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को रीजनल डायरेक्टरेट एनएस एस, न्यू दिल्ली के सहयोग से एनएसएस के तत्वाधान स्वच्छता पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में की नोट स्पीकर प्रोफेसर राजेश धनखड़न ,डीन, लाइफ साइंसेज , महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक रही। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ परम भूषण आर्य और एनएसएस प्रोग्राम आफिसर डॉ दीपक लठवाल ने प्रोफेसर राजेश धनखड़ का पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया। इस वर्कशॉप में 100 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कीनोट स्पीकर प्रोफेसर राजेश धनखड़ ने सभी सदस्यों को स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि वे अपने आप को स्वच्छ रखें और अपने आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ रखें। अगर हमारा वातावरण साफ सुथरा ,स्वच्छ है तो हम अच्छे तरीके से राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग कर सकेंगे।




**चर्चा** निपुण जिला क्रियान्वयन इकाई की बैठक

## अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों की उपलब्धियों को साझा करें : दिलजीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बीआरसी कार्यालय में निपुण जिला क्रियान्वयन इकाई की मीटिंग हुई। जिसकी अध्यक्षता संयुक्त रूप से जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने की। बैठक में सभी खंड शिक्षा अधिकारी, खंड संसाधन समन्वयक, मेंटर, डाइट फैकल्टी, एपीसी और राज्य से तुषार एवं संपर्क फाउंडेशन से पवन कुमार एवं आंचल कुमारी भी उपस्थित थे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने सभी से अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने और अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों की उपलब्धियों को साझा करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रवेश उत्सव में सक्रिय रूप से भाग लेने और इसे सफल बनाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है और सभी मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए काम कर रहे हैं। अवश्य ही हम अपने नौनिहालों को एक अच्छा नागरिक बनाने में कामयाब होंगे। इस अवसर पर जिला निपुण समन्वयक रूपांशी हुड्डा ने बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की।

### इन बिन्दुओं पर चर्चा

**परिणाम घोषणा:** सभी अध्यापकों को 1 अप्रैल को अपनी कक्षा के परिणाम घोषित करने के निर्देश दिए गए। उन्हें अभिभावक बैठक में परिणामों को साझा करने और बच्चों द्वारा हासिल की गई दक्षताओं पर विस्तार से चर्चा करने के लिए कहा गया।
**-प्रवेश उत्सव:** स्कूलों में नए छात्रों का स्वागत करने के निर्देश दिए गए ।
**-मेंटर्स का सहयोग:** मेंटर्स को अध्यापकों के सहयोग के लिए अपने-अपने स्कूलों में तैयार रहने के लिए कहा गया।
**-सकारात्मक माहौल:** सभी स्कूलों में नए सत्र की शुरुआत के लिए सकारात्मक माहौल बनाने पर जोर दिया गया।
**प्रवेशोत्सव लॉन्च:** ज्ञात रहे कि उपायुक्त द्वारा 24 मार्च को प्रवेशोत्सव का शुभारंभ किया गया था। सभी अधिकारियों को सरकारी स्कूलों में अधिक से अधिक बच्चों का दाखिला सुनिश्चित करने और अभिभावकों को स्कूलों द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत कराने के लिए कहा गया।